कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला झुन्झुनू 01.09.2023

प्रेस–नोट

'' राजस्थान मिशन– 2030 ''

श्री श्याम सिंह, आई.पी.एस. जिला पुलिस अधीक्षक झुन्झुनूं ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के चहुंमुखी विकास एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं उन्हे सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने लिए संकल्पबद्व हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि राजस्थान को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बने। इस हेतु प्रत्येक क्षेत्र के लिए मानकों के निर्धारण एवं इनको प्राप्त करने के लिए समयबद्व कार्ययोजना तैयार करके विसकित राजस्थान बनाने कि लिए राज्य सरकार द्वारा '' विजन दस्तावेज–2030 (**vision Document-2030**) '' तैयार करने का निर्णय लिया है।

यह राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। माननीय मुख्यमंत्री महादेय श्री अशोक गहलोत राजस्थान, वर्ष 2030 तक राजस्थान को देश का नम्बर 01 राज्य बनाना चाहते हैं। जिसके लिए समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव आमंत्रित करके राज्य का '' विजन 2030 दस्तावेज '' तैयार किया जा रहा है।

राजस्थान मिशन–2030 अभियान के सफल संचालन हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा आज दिनांक 1.09.2023 को समय 01.00 पी.एम. से 3.00 पी.एम तक राजीव गांधी केन्द्र के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेन्स आयोजित की गई। जिसमें मन पुलिस अधीक्षक एवं जिला पुलिस झुन्झुनूं के वृताधिकारियो/थानाधिकारियों तथा पुलिस कर्मचारियों द्वारा नजदीकी थाने के राजीव गांधी केन्द्र पर वीडियों कॉन्फ्रेन्स में **21** स्थलों पर विडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से **148** पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों, **232** सीएलजी सदस्यों, **121** सुरक्षा सखियों, **28** पुलिस मित्रों एवं **91** अन्य हितकारकों कुल **680** व्यक्तियों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें पुरूष व महिला शामिल रही है जिनसे **सुझाव प्राप्त किये गये।**

राजस्थान मिशन–2030 के क्रम में '' पुलिस विजन दस्तावेज–2030'' तैयार करने हेतु आम नागरिक ऑनलाईन वेबसाईट mission2030.rajasthan.gov.in/ whats app no. 9530415980 पर भी अपने सुझाव दे सकते है। ऑफ लाईन सुझाव देने के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में अपने सुझाव भरकर संबंधित थाना/वृत कार्यालय में दे सकते है।

संलग्नः– निर्धारित प्रॉफार्मा।

(श्याम सिंह)
पुलिस अधीक्षक
जिला झुन्झुनू

राजस्थान मिशन–2030

सर्वे हेतु प्रश्न (फेस टू फेस के लिए)

1. नाम:
2. जिला:
3. ब्लॉक:
4. लिंग: (महिला/पुरुष/अन्य)
5. आयु: (18 वर्ष तक/18–25 वर्ष/25–35 वर्ष/35–45 वर्ष/45–60 वर्ष/60 वर्ष से अधिक)
6. व्यवसाय: (सरकारी नौकरी /निजी क्षेत्र में नौकरी /बिज़नेस /प्रोफेशनल/ किसान/ श्रमिक/ स्वरोज़गार/विद्यार्थी/ गृहिणी/अन्य)
7. क्या आपने महंगाई राहत कैम्प में जाकर रजिस्ट्रेशन कराया है? (हां/नहीं)
8. क्या आप ने राजस्थान सरकार की किन्हीं योजनाओं का लाभ उठाया है? (हां/नहीं)
9. श्री अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान वर्ष 2030 तक राजस्थान को देश का नं. 1 राज्य बनाना चाहते हैं, जिसके लिए समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव आमंत्रित करके राज्य का "विजन 2030 दस्तावेज" तैयार किया जा रहा है। राजस्थान को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए आप क्या सुझाव देना चाहते है?

विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष
आई. टी. केन्द्र
जिला मुख्यालय, झुंझुनूं

POLICE
POLICE